Bareilly, Sunday
23 October 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 20

दैनिक जागरण inext

PAGE NO 02, TOP

28 अक्टूबर से होगी 69वीं चैंपियनशिप

एसआरएमएस में 28 अक्टूबर से 69वीं यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप आरंभ हो रही है. एसआरएमएस में वर्ष 2012 से यह चैंपियनशिप लगातार आयोजित की जा रही है. कोविड महामारी के दौरान वर्ष 2020, 2021 और वर्ष 2018 में इसका आयोजन नही हुआ. प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि एसआरएमएस ट्रस्ट युवाओं के समग्र विकास, आलराउंड डेवलपमेंट को ध्यान में रखते हुए काम कर रहा है. इसके लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही खेलों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है. चैंपियनशिप के संयोजक डा. सोवन मोहन्ती ने कहा कि 69वीं यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप का उदघाटन 28 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे होगा. इसमें प्रदेश के 25 जिलों के करीब सवा तीन सौ खिलाड़ी भाग लेंगे. महिला, पुरुष, बालक और बालिकाएं इस चैंपियनशिप की 12 स्पर्धाओं में शामिल होंगे. प्रतियोगिता का फाइनल मैच 30 अक्टूबर दोपहर 1.30 बजे होगा. कांफ्रेंस में स्पोर्ट्स आफिसर नितिन सक्सेना भी उपस्थित रहे.